लोक सभा अध्यक्ष द्वारा लखनऊ में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के 77वें सम्मेलन का उद्घाटन

लखनऊ, 30 जनवरी, 2015: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन 31 जनवरी, 2015 को भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के 77वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। श्रीमती महाजन सम्मेलन की अध्यक्ष हैं। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करेंगे। समापन सत्र 1 फरवरी, 2015 को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री राम नाइक समापन समारोह में एक भाषण देंगे।

यह सम्मेलन 30 जनवरी, 2015 को भारत में विधायी निकायों के सचिवों के 55वें सम्मेलन के ठीक पश्चात आयोजित किया जा रहा है।

भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों तथा सचिवों के सम्मेलन के भाग के रूप में श्रीमती महाजन 31 जनवरी, 2015 को उत्तर प्रदेश विधानमंडल परिसर में "भारत में संसदीय लोकतंत्रः एक विहंगावलोकन" विषयक एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी। प्रदर्शनी का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय संग्रहालय और अभिलेखागार विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा तथा भारत सरकार के विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) के सहयोग से किया जा रहा है।